AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में प्रवेश के लिए आवेदन करने का सिर्फ दो दिन और मौका

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने का अब सिर्फ दो दिन और मौका है। इसकी अंतिम तिथि 22 जून है। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे बृहस्पतिवार तक ऐसा कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन फॉर्म नहीं भरे जाएंगे।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन फॉर्म भरने के लिए तारीख तीन बार बढ़ाई जा चुकी है। 22 जून के बाद कोई मौका नहीं होगा। 30 जून से छह जुलाई तक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। लविवि में स्नातक के

22 जून है अंतिम तिथि, 30 जून से शुरू होगी प्रवेश परीक्षा

12 पाठ्यक्रमों में चार हजार से अधिक सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले एलयूआरएम पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा, जिसके लिए सौ रुपये शुल्क देना होगा। बिना पंजीकरण अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकेंगे।

पुस्तक का किया विमोचन



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग फैकल्टी के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव की पुस्तक कोरोना काल में योग की प्रासंगिता का कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गंगलवार को विमोचन किया। डॉ. यादव ने कहा कि उनकी इस पुस्तक में योग के विभिन्न आसनों के लाभों के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा, लविवि की योग फैकल्टी निरंतर अपनी पहचान बना रही है। पुस्तक विमोचन में डीन अकादमिक प्रो. पूनम टंडन, डीन प्रो. अशोक कुमार सोनकर मौजूद रहे। (संवाद)

कार्यालय से 200 रुपये फीस देकर लिए जा सकते हैं।(माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

भारतीय भाषाओं के अध्ययन के लिए लविवि पहुंचा अमेरिकी छात्रों का दल

लखनऊ। भारतीय भाषाओं और संस्कृति के अध्ययन के लिए अमेरिकी विद्यार्थियों का दस सदस्यीय दल मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचा। लविवि और अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत इन छात्रों का एलयू में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया था।

डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि दोनों संस्थाओं के बीच समझौते का उद्देश्य वैज्ञानिक, कला, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन के विभागों और भारतीय संस्कृति, भाषाओं और सामाजिक विज्ञान में अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक दौर में लखनऊ विश्वविद्यालय अमेरिकी छात्रों को उर्दू और फारसी भाषाओं का शिक्षण देने के लिए आठ हफ्तों का शार्ट टर्म कोर्स शुरू कर रहा है। छात्रों ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात की। कुलपति ने कहा कि उन्हें कैंपस में वसुधैव कुटुम्बकम के उच्चतम आदर्शों को जानने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में यूएस से प्रोफेसर जॉन काल्डवेल, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. गुलाम नबी अहमद डॉ. अहतेशम अहमद, डॉ. शहनाज अहमद आदि थे। (संवाद)

'कोरोना काल में योग की प्रासंगिकता' का विमोचन

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने मंगलवार को 'कोरोना काल में योग की प्रासंगिकता' पुस्तक का विमोचन किया। यह किताब फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत ने लिखी है। पुस्तक में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले आसनों का वर्णन है।

एलयू ने ग्रामीणों को जोड़ने का रखा लक्ष्य

लखनऊ। एलयू ने संबंद्ध सभी कॉलेजों द्वारा योग दिवस को गांव-गांव तक पहुंचाने की तैयारी की है। इसके लिए विवि प्रशासन द्वारा तय किए गए बैनर का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेजों में ग्राम प्रधानों को मुख्य अतिथि बनाने के निर्देश दिए हैं। एलयू मे मंगलवार को रायबरेली, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर और लखनऊ के संबद्ध कॉलेजों के प्रबंधकों व प्राचार्यों की एक बैठक बुलाई। इसमें कुलसचिव संजय मेधावी व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने तैयारी पर चर्चा की।

HINDUSTAN PAGE 6

योग की प्रासंगिकता पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। एलयू में कुलपति ने 'कोरोना काल में योग की प्रासंगिकता' पुस्तक का विमोचन किया। किताब में कोरोना संक्रमित होने पर कौन से आसन, प्राणायाम और क्रियाएं करनी चाहिए, इसका वर्णन किया गया है।

डॉ. अमरजीत यादव की किताब में योग का वर्णन: प्रो. आलोक कुमार राय ने डॉ. अमरजीत यादव की किताब का विमोचन किया। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत की पुस्तक के विमोचन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन और योग फैकल्टी के अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर रहे।

JAGRAN CITY PAGE III

एक लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं आज करेंगे योग

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में बुधवार को भव्य तरीके से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। लवि में चार हजार व कालेजों में एक लाख छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक योग करेंगे। इसकी तैयारी के लिए मंगलवार को डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने कालेजों के प्रबंधकों एवं प्राचार्यों के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि सभी कालेजों को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव को उत्साह से मनाने, शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। छात्र संख्या कम होने पर कालेजों को सुझाव दिया गया है कि वे पास के कालेजों में इस उत्सव में शामिल हों। ग्रामीण क्षेत्रों में कालेजों को ग्राम प्रधान को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने व दूसरे ग्रामीणों को भी योग सत्र में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया।

11 बजे तक देनी होगी रिपोर्ट : सभी कालेजों को 21 जून को सुबह 11 बजे से पहले ही योग उत्सव का विवरण व रिपोर्ट विश्वविद्यालय को देनी होगी। कालेजों को बताया गया है कि इस रिपोर्ट को वाट्सएप समूह पर साझा करने के लिए निर्धारित गूगल फार्म के माध्यम से जमा किया जाना है।

कुलपति ने किया योग की पुस्तक का विमोचन : लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के डा. अमरजीत यादव की पुस्तक का विमोचन मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक राय ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन व योग फैकल्टी के डीन प्रो अशोक सोनकर उपस्थित थे। डा. अमरजीत ने बताया कि इस पुस्तक में योगाभ्यासों का वर्णन है।

सुन सुन जी गर्ल्स पीजी कालेज में योग का अभ्यास करती छात्राएं • लीलाधर से बातचीत

गांव तक आज करेंगे योग

केएमपी भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि परिसर, काकोरी शहीद स्मारक और गोद लिए पांच गांवों में योग होगा। उधर, शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में होने वाले योग शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी शामिल होंगे। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के खाव ही डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में भी योग किया जाएगा।

THE PIONEER PAGE 3

US students to learn Urdu, Persian at LU

PNS ■ LUCKNOW

Ten American students have recently arrived at the University of Lucknow campus to study languages and culture. This development is a result of the memorandum of understanding (MoU) signed between the University of Lucknow and the American Institute of Indian Studies (AIIS), New Delhi.

The MoU aims to foster mutual academic collaboration, particularly in the faculties of science, arts, social science, commerce & management, and studies in Indian civilisation, Indian culture, languages, and social sciences.

The collaboration between the two institutions entails various forms of cooperation, including participation in seminars and academic meetings, joint research activities, exchange of academic materials and information, and other mutually agreed-upon activities of interest.

In line with this collaboration, LU is offering a short-term course spanning eight weeks to teach Urdu and Persian languages to the American students.

On Tuesday, an induction meeting was organised by the office for international affairs, which saw the participation of American scholars — Meredith Church, Elena Deegan-Krause, Kathryn Delgado, Nikash Harapanahalli, Nathalie Martinez, Julia Norman, Quinn Kanner, Hiba Siddiqui, Thomas Zugell, and Arivumani Srivastava.

Professor John Caldwell, residential director from the US, accompanied the students during the meeting. The induction programme commenced with an introduction to the University of Lucknow, followed by an induction lecture by Prof RP Singh on Indian culture and history.

Dean, Academics, Prof. Poonam Tandon said the collaboration would yield significant results in the field of linguistic and cultural studies.

LU Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai said that the American students would have the opportunity to learn the sublime ideals of 'Vasudhaiva Kutumbakam' (the world is one family). He reiterated the university's dedication to providing world-class education combined with ethical values.

HT PAGE 6

10 U.S. STUDENTS TO LEARN URDU, PERSIAN AT LU

LUCKNOW: For Nikash Harapanahalli from the US state of Texas, the opportunity to learn Urdu in Lucknow is a once-in-a-lifetime opportunity. "This city is one of the most dynamic, refined and sophisticated in India," he said.

Nikash and nine other American students arrived at the University of Lucknow on Tuesday to learn Urdu and Persian during their eight-week stay in the city. Not only will the university hold classes for them twice a week, but it will also acquaint them with Indian culture and ethos. These students already have a knowledge of these two languages and have come here to hone their skills and diction. This development is a result of an MoU signed between the University of Lucknow and the American Institute of Indian Studies (AIIS), New Delhi.

In line with this collaboration, Lucknow University is offering a short-term course spanning eight weeks to teach Urdu and Persian to American students, said Prof RP Singh, director, international collaboration and ISA.

Julia Norman from Los Angeles says they are fortunate to have been given the opportunity to study Urdu in Lucknow. Julia hopes to develop language skills here at LU. "This city's rich culture and vibrant history makes this an ideal place," she said.

Meredith Church from the University of Colorado says they are fascinated by the history and confluence of culture in Lucknow. "Honoured to have the opportunity to learn Urdu at here," she said. HT

VoL PAGE 3

भारतीय संस्कृति का अध्ययन करेंगे अमेरिकी छात्र, पहुंचे लविवि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि और अंग्रेजिन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज के मध्य हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एआईआईएस), नई दिल्ली के बीच प्रथम के विषयों और पारस्परिकहुई, भाषाओं और सामाजिक विज्ञान में अध्ययन करने के लिए अकादमिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

विवि के प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक दो संस्थाओं के बीच सहयोग के तारतम्य में विभिन्न प्रकार की सहयोगी प्रयास होंगे। जिनमें सेमिनारों और अकादमिक बैठकों में भाग लेना, संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों का आयोजन करना, अकादमिक सामग्री और जानकारी का आपसी आदान-प्रदान करना और दूसरे समझौते पर मुताबिक आपसी रुचियों वाली किसी अन्य गतिविधि में भाग लेना शामिल हैं। प्रारंभिक दौर में लखनऊ विश्वविद्यालय अमेरिकी छात्रों को उर्दू और फारसी भाषाओं का शिक्षण देने के लिए आठ हफ्तों का शॉर्ट टर्म कोर्स प्रारंभ कर रहा है। विवि पहुँचने के बाद अमेरिकी छात्रों के लिए विवि के अंतरराष्ट्रीय कार्यालय द्वारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें अमेरिकी विद्यार्थियों में मेरेडिथ चर्च, एलेना डीगन.क्रॉजक, काथ्रीन देलगाडो, निकाश हरापनहल्ली, नाथाली मार्टिनेज, जूलिया नॉर्मन, क्विन कैनर, हिबा सिद्दीकी, थॉमस जुगेल और अरिवुमानी श्रीवास्तवा शामिल हैं। इन छात्र छात्राओं के साथ यूएस से प्रोफेसर जॉन काल्डवेलन भी शामिल थे। ओरिएंटेशन प्रोग्राम को लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन अकादमिक प्रोफेसर पूनम टंडन, रायबरेली की अन्य पीजीविवि में फार फिलड़ा इन विद्यार्थियों के साथ पूरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन अमेरिकी छात्रों को उनके पैरामाउंट कुटुम्बकम के उच्चतम आदर्शों को जानने का अवसर मिलेगा।

लविवि और संबद्ध कॉलेजों में योग दिवस के भव्य आयोजन की तैयारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में तैयारी की जा रही है। इस विशेष अवसर का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ पांच जिलों के संबद्ध कॉलेजों में भी होगा।

इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिकारियों और रायबरेली, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर और लखनऊ के संबद्ध कॉलेजों के प्रबंधकों व प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी। इसमें अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, सीडीसीपी. अवधेश त्रिपाठी और कुलसचिव संजय मेधावी शामिल थे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारी करने और समन्वय स्थापित करने पर था। इस अवसर पर भारी संख्या में छात्रों की भागीदारी होगी और इस आयोजन के विभिन्न कार्यक्रमों में एक लाख से अधिक कॉलेज के छात्र सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे। सभी कॉलेजों को एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव को उत्साह से मनाने और शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों, और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा, कॉलेजों को परिवारों और समाज के अन्य सदस्यों को भी आमंत्रित करने का सुझाव दिया गया है, जिससे इस महत्वपूर्ण आयोजन में और व्यापक भागीदारी का विकास हो सके। भागीदारी को सुगमता से संभालने के लिए, छात्र संख्या कम होने पर कॉलेजों को सुझाव दिया गया है कि वे समीपवर्ती कॉलेजों में इस उत्सव में शामिल हों।

लविवि में कोरोना काल में योग की प्रासंगिकता पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन ने डॉ. अमरजीत यादव द्वारा लिखी गई पुस्तक कोरोना काल में योग की प्रासंगिकता का विमोचन किया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस पुस्तक को लांच किया। इस समारोह में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन और योग फैकल्टी के डीन प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर उपस्थित थे। डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि इस पुस्तक में योग के अभ्यासों का वर्णन किया गया है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता और शरीर में ऑक्सीजन स्तर को बढ़ाने में सहायता प्रदान करते हैं। पुस्तक में कोरोना संक्रमित व्यक्ति के लिए कौन से आसन, प्राणायाम और क्रियाएं उपयोगी होंगी, इसका भी वर्णन दिया गया है। पुस्तक में स्वास्थ्य और इन अभ्यासों के महत्वपूर्ण पहलुओं का विस्तार समावेश किया गया है।

PIONEER PAGE 3

भारतीय भाषा व संस्कृति के अध्ययन को लेकर एलयू पहुंचे दस अमेरिकी छात्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय और अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज के मध्य हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत मंगलवार को दस अमेरिकी छात्र भारतीय भाषाओं और संस्कृति के अध्ययन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय पहुँचे। लखनऊ विश्वविद्यालय और अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज नई दिल्ली के बीच हुए इस समझौते का उद्देश्य वैज्ञानिक, कला, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन के विभागों और भारतीय संस्कृति, भाषाओं और सामाजिक विज्ञान में अध्ययन करने के लिए अकादमिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

विवि के प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक दो संस्थाओं के बीच सहयोग के तारतम्य में विभिन्न प्रकार की सहयोगी प्रयास होंगे। जिनमें सेमिनारों और अकादमिक बैठकों में भाग लेना, संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों का आयोजन करना, अकादमिक सामग्री और जानकारी का आपसी आदान.प्रदान करना और दूसरे समझौते पर मुताबिक आपसी रुचियों वाली किसी अन्य गतिविधि में भाग लेना शामिल हैं। प्रारंभिक दौर में लखनऊ विश्वविद्यालय अमेरिकी छात्रों को उर्दू और फारसी भाषाओं का शिक्षण देने के लिए आठ हफ्तों का शॉर्ट टर्म कोर्स प्रारंभ कर रहा है। विवि पहुँचने के बाद अमेरिकी छात्रों के लिए विवि के अंतरराष्ट्रीय कार्यालय द्वारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें अमेरिकी विद्यार्थियों में मेरेडिथ चर्च, एलेना डीगन.क्रॉजक, काथ्रीन देलगाडो, निकाश हरापनहल्ली, नाथाली मार्टिनेज, जूलिया नॉर्मन, क्विन कैनर, हिबा सिद्दीकी, थॉमस जुगेल और अरिवुमानी श्रीवास्तवा शामिल हैं। इन छात्र छात्राओं के साथ यूएस से प्रोफेसर जॉन काल्डवेलन भी शामिल थे। ओरिएंटेशन प्रोग्राम को लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन अकादमिक प्रोफेसर पूनम टंडन, प्रोफेसर आर पी सिंह (निदेशक, अंतरराष्ट्रीय सहयोग) और प्रो गुलाम नबी अहमद ने संबोधित किया। इंडक्शन प्रोग्राम के प्रारंभ में प्रोफेसर आर पी सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय के विषय में एक प्रेजेंटेशन दिया और भारतीय संस्कृति और इतिहास पर व्याख्यान दिया।

कोरोना काल में योग की प्रासंगिकता का विमोचन: 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन ने डॉ अमरजीत यादव द्वारा लिखी गई पुस्तक कोरोना काल में योग की प्रासंगिकता का विमोचन विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। समारोह में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन और योग फैकल्टी के डीन प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर उपस्थित थे।

एलयू से सम्बद्ध सभी जिलों में योग को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी: लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। इस विशेष अवसर का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के साथ.साथ पांच जिलों के संबद्ध कॉलेजों में भी होगा। इस बावत मंगलवार को विश्वविद्यालय के अधिकारियों और रायबरेली, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर और लखनऊ के संबद्ध कॉलेजों के प्रबंधकों, प्राचार्यों की एक बैठक बुलाई गई।

बैठक में डीन अकादमिक प्रो. पूनम टंडन, डीन कालेज विकास परिषद प्रो अवधेश त्रिपाठी और कुलसचिव संजय मेधावी शामिल थे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारी करने और समन्वय स्थापित करने पर था। बैठक में सभी कॉलेजों को एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव को उत्साह से मनाने और शिक्षको, गैर.शिक्षक कर्मचारियो और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

90 मिनट की प्रवेश परीक्षा, पूछे जाएंगे 100 प्रश्न

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 30 जून से दो-दो अंकों का होगा प्रत्येक सवाल

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 30 जून से छह जुलाई तक होंगी। पेपर का पैटर्न एमसीक्यू (मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चनयन) आधारित रहेगा। बीए, बीएससी, बीकाम सहित प्रत्येक पाठ्यक्रम में होने वाली प्रवेश परीक्षा का समय 90 मिनट होगा। इसमें 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। हर प्रश्न के दो अंक होंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश पत्र 26 जून को जारी किए जाएंगे।

बीकाम छठे सेमेस्टर का बाचवा 29 को होने पर आपत्ति: लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से बीकाम छठे सेमेस्टर के बायवा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने आपत्ति जताई है। अध्यक्ष डा. मनीज पांडेय का कहना है कि बीकाम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जून से शुरू होंगी। दूसरे ही दिन 29 जून को छात्र-छात्राओं का बायवा की तिथि भी रख दी। उन्हें तैयारी के लिए समय नहीं दिया गया।

प्रवेश परीक्षाओं इन विषयों से पूछे जाएंगे प्रश्न

बीए (एनईपी) : हिन्दी, अंग्रेजी, जाइयपी, हिस्ट्री, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, इकोनामिक्स (10+2 स्तर)

बीकाम (एनईपी), बीकाम आनर्स : मानसिक क्षमता, कामर्स, अकाउंट, कम्पिशियल मैथ्स, इकोनामिक्स व कम्प्यूटर (10+2 स्तर)

बीएससी (मैथ्स एनईपी) : फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, मेटल एप्टीट्यूड, कम्प्यूटर एलीथेमन का सामान्य ज्ञान।

बीएससी (बायो एनईपी) : केमिस्ट्री, बाटनी, जूलाजी, 10 2 स्तर), मेटल एप्टीट्यूड, कम्प्यूटर एप्लीकेशन का सामान्य ज्ञान।

एलएलबी पांच वर्षीय : लीगल जनरल अवेयरनेस, हिन्दी, जाइयपी, सामान्य विज्ञान, रीजनिंग, मेंटल एबिलिटी

बीबीए : सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, न्यूमरिकल एप्टीट्यूड, लाजिकल रीजनिंग

बीसीए : सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, न्यूमरिकल एप्टीट्यूड, मैथ्स एंड कम्प्यूटर साइंस व लाजिकल रीजनिंग।

डीफार्मा : 50 प्रश्न केमिस्ट्री, फिजिक्स(10+2 स्तर), 50 प्रश्न मैथ्स, बायोलाजी(10+2 स्तर) ।(अभ्यर्थी मैथ्स या बायो में से कोई विकल्प ले सकते हैं)।

उर्दू-फारसी व भारतीय संस्कृति की पढ़ाई करने पहुंचे अमेरिकी विद्यार्थी

लवि में अमेरिकी विद्यार्थियों से कुलपति प्रो. आलोक राय ने मुलाकात की • लीलाधर लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ इंडियन स्टडीज के बीच हुए एमओयू के तहत मंगलवार को दस अमेरिकी छात्र-छात्राएं भारतीय भाषाओं और संस्कृति के अध्ययन के लिए लवि परिसर पहुंचे। यहां उन्हें फारसी, उर्दू में शार्ट टर्म कोर्स कराने के साथ-साथ वैज्ञानिक, कला, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन के विभागों एवं सामाजिक विज्ञान में अध्ययन करने के लिए सहयोग दिया जाएगा।

कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि इन अमेरिकी छात्र-छात्राओं को कैंपस में वसुधैव कुटुम्बकम के उच्चतम आदर्शों को जानने का अवसर मिलेगा। प्रारंभिक दौर में लवि अमेरिकी छात्र-छात्राओं को उर्दू और फारसी भाषाओं का शिक्षण देने के लिए आठ हफ्तों का शार्ट टर्म कोर्स प्रारंभ कर रहा है। डीन एकेडमिक प्रो. पूनम टंडनने विश्वविद्यालय में शोध और अध्ययन की उत्कृष्टता के बारे में बताया।

इस दौरान ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मेरेडिथ चर्च, एलेना डीगन-क्राउज, कान्नीन देलगाडो, निकाश हरापनहल्ली, नाथाली मार्टिनेज, जुलिया नार्मन, क्विन कैनर, हिबा सिद्दीकी, थामस जुगेल और अरिवुमानी श्रीवास्तव अमेरिकी छात्र-छात्रा शामिल हुए। यूएस से प्रो. जान काल्डवेल भी आए। निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रो. आरपी सिंह ने प्रेजेंटेशन व भारतीय संस्कृति व इतिहास पर व्याख्यान दिया। फारसी के विभागाध्यक्ष डा. एसजीएन अहमद ने अमेरिकी विद्यार्थियों की कैंपस का भ्रमण कराया।

काउंसिलिंग की तिथि बदलेगी

स्नातक प्रवेश के आवेदन की तिथि बढ़ने से प्रवेश परीक्षाएं 30 जून से छह जुलाई तक होंगी। ऐसे में परिणाम से लेकर काउंसिलिंग शुरू होने की तिथि भी बढ़ेगी। पहले प्रवेश परीक्षा परिणाम सात जुलाई को और काउंसिलिंग का पहला चरण 10 जुलाई से शुरू होना था। अब इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

स्नातक के आवेदन कल तक

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत स्नातक व स्नातक प्रोग्रेसनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन का अंतिम मौका 22 जून तक है। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

ये डेटों पर होगी प्रोग्राम अलग की परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीकाम अलग्स एवं बीए ऑनर्स के लिए 23 जून को परीक्षा होगी। इसके अलावा 27 जून को बीए ऑनर्स के पेपर होंगे। जिन छात्र-छात्राओं ने वेबसाईट ऑनलाइन किए गए हैं। वेबसाईट पूरी www.lkouniv.ac.in पर अपलोड है। 20 जून से बीकाम अलग्स और ऑनर्स के परीक्षार्थी (सभी) ऑनर्स विषय, अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र, बीए गृहविज्ञान साइंस, एम.ए. हिंदी साहित्य, इतिहास, एम.ए. अर्थशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, एम.ए. हिंदी साहित्य, एमएससी बिजनेस, बीएससी साइंस व बीकाम इकोनॉमिक्स के पेपर होंगे।

घर प्रवेश का सुझाव दो गाइड ने। यहां बीए में 400 व बीकाम की 80 सीटें है। आवेदन फार्म का शुल्क 400 रुपये है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय में कल आवेदन का अंतिम मौका

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत आनलाइन स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम में प्रवेश आवेदन का अंतिम मौका कल तक है। इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ये तिथि अंतिम बार बढ़ाई गई थी। अब प्रवेश परीक्षा के बाद परिणाम जारी होगा फिर काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। वहीं जो अभी तक छात्र फार्म भरने से छूट गये हैं वह अगले 24 घंटे तक फॉर्म भर सकते हैं।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय पीजी कॉलेज में प्रवेश परीक्षा 19 को-नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय पीजी कॉलेज ने भी सोमवार को स्नातक में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 19 जुलाई को प्रस्तावित है। प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने बताया कि सुबह की पाली में बीकाम व बीएससी के लिए और दोपहर की पाली में बीए पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रत्येक कोर्स की परीक्षा का समय डेढ़ घंटे निर्धारित रहेगा। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

महाराजा बिजली पासी महाविद्यालय में 30 तक मौका

आशियाना के महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की तारीख 30 जून तक बढ़ा दी है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमन गुप्ता ने बताया कि सत्र 2023-24 स्नातक प्रथम सेमेस्टर बीए, बीएससी, बीकाम में प्रवेश के लिए आवेदन का मौका 15 जून तक दिया गया था। अब इसे 30 जून तक बढ़ाया गया है। स्टूडेंट कॉलेज की वेबसाइट http://mbpgpgc.in/ के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

नेशनल पीजी कॉलेज में प्रवेश परीक्षा 4 जुलाई से

नेशनल पीजी कॉलेज में स्नातक में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा चार, पांच और छह जुलाई को होंगी। नेशनल कालेज के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीवोक, बीबीए, बीएएमसी में प्रवेश के लिए परीक्षा दो पालियों में होंगी। पहली पाली अपराह्न 11 बजे से 12:30 बजे और दूसरी पाली दोपहर दो से पांच बजे तक होगी। चार जुलाई को बीए में प्रवेश के लिए पहली पाली में परीक्षा होगी। पांच जुलाई की दूसरी पाली में बीएससी (जेडबीसी), चार जुलाई की दूसरी पाली में बीएससी गणित, पांच जुलाई की प्रथम पाली में बीकॉम के लिए परीक्षा होगी। वहीं लुआक्टमैट 2023 के अन्तर्गत प्रवेश परीक्षा तीन पाली में होगी।

केकेवी में पहली मेरिट सूची 1 जुलाई को

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज (केकेवी) में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन जारी है। साथ ही लविवि के बाद केकेवी ने भी आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 जून कर दी है। जानकारी के अनुसार पहली जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी।

Stage set for Yoga Day celebrations

PNS ■ LUCKNOW

Stage is all set for the International Yoga Day celebrations in the state capital on Wednesday (June 21).

The University of Lucknow is making extensive preparations under the guidance of Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai. LU is organising week-long yoga camps at 100 different locations across the city. These camps will provide an opportunity to individuals from all walks of life to experience the transformative power of yoga and enhance their overall well-being.

LU spokesperson said that the Paranjape ground on the main campus would witness the participation of nearly 3,000 students. Simultaneous yoga sessions will be conducted on the second campus.

Associated col